सड़कों के किनारे से बेतरतीब खड़े वाहनों को हटाने फिर चलाया गया अभियान, वाहनों के हटने के बाद दिखने लगा स्पेस, आवाजाही भी हो रही है आसान

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई एवं यातायात पुलिस विभाग के द्वारा आज फिर से बेतरतीब खड़े रखे हुए वाहनों को हटाने का अभियान चलाया गया। इसके लिए निगम एवं यातायात पुलिस विभाग की टीम अपने विभिन्न संसाधनों के साथ ट्रेफिक क्लियर कराने पहुंचे। वाहनों को हटाने के साथ ही वाहन मालिकों पर जुर्माना की कार्रवाई भी की गई तथा दोबारा वाहनों को खड़े नहीं करने की समझाइश दी गई। प्रारंभिक चरणों के तहत नेशनल हाईवे के सड़कों के दोनों किनारों से वाहनों को हटाने का अभियान चलाया गया। उल्लेखनीय है कि बेतरतीब एवं कंडम वाहनों को सड़कों के किनारे से हटाने निगम आयुक्त रोहित व्यास ने अधिकारियों को निर्देशित किया है , इसी तारतम्य में भिलाई के सड़कों के किनारे से लंबे समय से रखे हुए तथा कंडम वाहनों को हटाने का काम किया जा रहा है। यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने तथा ट्रैफिक क्लियर करने के उद्देश्य से ताकि राहगीरों का आवागमन सुगम हो इसका प्रयास किया जा रहा है। कहीं भी वाहनों को सड़कों के किनारे खड़े करने वालों को नोटिस/सूचना भी दी जा रही है , फिर भी नहीं मानने वाले वाहन मालिको के वाहनों को हटाते हुए जुर्माना लगाया जा रहा है। आज कई सारे कबाड़ वाहनों तथा छोटे-बड़े वाहनों को हटाया गया इसके साथ ही 11500 रुपए जुर्माना की कार्रवाई भी की गई। आज के संयुक्त अभियान के माध्यम से संजय नगर सुपेला से चंद्रा मौर्या चौक तक के दोनों ओर की सड़कों के किनारों से वाहनों को हटाने की कार्रवाई की गई।